सर्वश्रेष्ठ सलाह और देखभाल प्राप्त करना

फेफड़े के कैंसर से प्रभावित लोगों के लिए एक संदर्शिका

यदि आप फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त पाए गए हैं, तो यह स्वाभाविक है कि आपके इस बारे में कई सवाल होंगे कि आपकी देखभाल कैसे की जाएगी और आपकी देखभाल के नियोजन और प्रदान किए जाने के दौरान क्या उम्मीद की जानी चाहिए। आपकी कई अपॉइंटमेंट्स होंगी, अलग-अलग टेस्ट, जांच और इलाज होंगे, जो कि अलग-अलग स्थानों या स्वास्थ्य सेवाओं पर हो सकते हैं।

Cancer Australia ने मुख्य सिद्धांतों को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए फेफड़े के कैंसर की रूप-रेखा तैयार की है जो यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त लोगों को सर्वश्रेष्ठ अभ्यास वाली देखभाल प्रदान की जाती है। यह संदर्शिका यह विवरण करती है कि सिद्धांतों के अनुसार देखभाल प्रदान किए जाने के दौरान आप क्या उम्मीद कर सकते/सकती हैं और इसमें उन कार्यवाहियों से सम्बन्धित सलाह शामिल है जो आप फेफड़े के कैंसर की सर्वश्रेष्ठ अभ्यास वाली देखभाल प्राप्त करने में अपनी सहायता के लिए कर सकते/सकती हैं।

रोगी-केन्द्रित देखभाल

देखभाल के प्रमाण-आधारित मार्गों के लिए सामयिक पहुँच

बहु-विषयक देखभाल

देखभाल का समन्वयन, संचार और इसकी निरंतरता

फेफड़े के कैंसर की देखभाल में डाटा आधारित सुधार

बातचीत आरंभ करना

आपके इलाज और आपकी देखभाल का प्रबंध करने वाले व्यवसायियों से बातचीत करना यह सुनिश्चित करने का सर्वश्रेष्ठ तरीका है कि आपको वह देखभाल मिलती है जो आपके लिए सही है। ***बातचीत आरंभ करना***वाले बॉक्स सवाल पूछने और अपनी चिंताओं की चर्चा करने से सम्बन्धित सुझाव देते हैं।

इनमें से प्रत्येक सिद्धांत फेफड़े के कैंसर के मार्ग के विभिन्न चरणों पर महत्वपूर्ण है। आपकी निजी देखभाल की आवश्यकताओं और परिस्थितियों पर निर्भर करते हुए आपकी देखभाल के लिए प्रत्येक सिद्धांत की प्रांसगिकता समय के साथ-साथ बदल सकती है।

और अधिक जानकारी

वेबसाइट्स और संसाधनों के लिंक जो आपके लिए उपयोगी हो सकते हैं, इस पूरे सार में सूचीबद्ध किए गए हैं। पिछले पृष्ठ पर परिभाषाओं की सूची और अधिक जानकारी भी दी गई है।

रोगी-केन्द्रित देखभाल

फेफड़े के कैंसर की आपकी देखभाल में आपपर और आपके प्रियजनों और देखभालकर्ताओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

इस सिद्धात का आपक लिए क्या अथ ह

- आपकी देखभाल और आपका इलाज आपकी निजी आवश्यकताओं, परिस्थितियों, प्राथमिकताओं और विचारधाराओं पर ध्यान देता है।
- आपको अपनी देखभाल के बारे में फैसले लेने में मदद देने के लिए प्रासंगिक, प्रमाण-आधारित जानकारी मिलती है।
- फेफड़े के कैंसर की आपकी पूरी देखभाल के दौरान आप और आपके प्रियजन समर्थित, सूचित और सम्मानजनक महसूस करते हैं।

आप क्या कर सकत/सकती ह।

- अपने डॉक्टर से ऐसी जानकारी पूछें जो आपके और आपके प्रियजनों के लिए सहायक हो सकती है, जैसे कि, फेफड़े के कैंसर के बारे में रोगी संसाधान या प्रस्तावित इलाज की एक सूची।
- परिवार के किसी सदस्य या मित्र को अपॉइंटमेंट में अपने साथ लाएँ ताकि वह आपका समर्थन कर सकें, बात सुन सकें, नोट्स बना सकें और आपको यह याद रखने में सहायता दे सकें कि आपके डॉक्टर क्या कहते हैं।
- अपने डॉक्टर को यह बताएँ कि आप कैसा महसूस कर रहे/रही हैं और आपके लिए अपने इलाज और देखभाल में क्या महत्वपूर्ण है।

बातचीत आरंभ करना

"मुझे इस बारे में थोड़ी चिंता है कि..."

"क्या मैं फिर भी यह करने योग्य हो पाऊँगा कि...?"

"क्या आप कोई ऐसी वेबसाइट / समर्थन समूह / सूचना का सुझाव दे सकते/सकती हैं जो मेरे लिए सहायक हो सकती है?"

"मेरे पास सवालों की एक सूची है - क्या मैं आपके वे सवाल पूछ सकता/सकती हूँ?"

उपयोगी संसाधन

फेफड़े के कैंसर के बारे में जानकारी
Cancer Australia

फेफड़े के कैंसर को समझना
Cancer Council Australia

फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त रहकर बेहतर रूप से जीवन जीना
Lung Foundation Australia

कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए सवाल प्राम्प्ट सूची
Cancer Institute NSW

देखभाल के प्रमाण-आधारित मार्गों के लिए सामयिक पहुँच

मार्गों को सामयिक रोग-निदान, स्टेजिंग, उपचार और देखभाल के लिए स्थापित किया जाता है

बातचीत आरंभ करना

"मेरी अगली अपॉइंटमेंट कब है और यह कहाँ होगी?"

"यदि मेरे कोई सवाल हों तो मैं किससे संपर्क कर सकता/सकती हूँ?"

"मैं किस प्रकार के अनुसंधान में भाग ले सकता/सकती हूँ?"

इस सिद्धात का आपक लिए क्या अथ ह

- आपका GP आपके लक्षणों की जांच करता है और रोग-निदान तथा इलाज के लिए आपको फेफड़े के कैंसर की विशेषज्ञ बहु-विषयक टीम को रेफर करता है।
- आपके पास सर्वश्रेष्ठ अभ्यास के दिशा-निर्देश के अनुसार फेफड़े के कैंसर के लिए सभी मुख्य टेस्टों, इलाज और देखभाल तक पहुँच होती है। इसमें आपकी जीवन-शैली को बेहतर बनाने के लिए समर्थन और इलाज शामिल है।
- आपकी पूरी देखभाल के दौरान, रेफरल प्रक्रिया और उपचार तक पहुँच सामयिक और सरल होती है।
- आपके डॉक्टर क्लिनिकल परीक्षणों सहित अनुसंधान के बारे में आपसे बात करते हैं, जिनमें आप शायद भाग ले सकते/सकती हों।

आप क्या कर सकत/सकती ह।

- अपने डॉक्टरों से पूछें कि क्या उम्मीद करनी चाहिए, इसमें अगले चरण और यह शामिल है कि आपके टेस्ट और इलाज कब और कहाँ होंगे।
- यदि आपके लिए अपॉइंटमेंट तक यात्रा करके जाना कठिन हो, तो यात्रा में सहायता के लिए अपने डॉक्टर से कहें या अपॉइंटमेंट में भाग लेने के अन्य तरीकों के बारे में पूछें (जैसे कि टेलीफोन या वीडियो अपॉइंटमेंट)।
- अपने डॉक्टरों से पूछें कि क्या कोई उचित क्लिनिकल परीक्षण हैं जिनमें आप भाग ले सकते/सकती हैं|

उपयोगी संसाधन

फेफड़े के कैंसरसे ग्रस्त लोगों के लिए इष्टतम देखभाल मार्ग विक्टोरिया राज्य, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग

ऑस्ट्रेलियन कैंसर ट्राएयल्स वेबसाइट
Cancer Australia

फेफडे के कैंसर की देखभाल के दौरान आपका मार्ग Lung Foundation Australia

बहु-विषयक देखभाल

आपके इलाज और आपकी देखभाल की योजना बनाने और इसे प्रदान करने के लिए फेफड़े के कैंसर विशेषज्ञों की एक टीम मिलकर काम करती है

इस सिद्धात का आपक लिए क्या अथ ह

- आपके इलाज और देखभाल का प्रबंध फेफड़े के कैंसर के स्वास्थ्य व्यवसायियों की एक टीम द्वारा किया जाता है - इसे बहु-विषयक टीम (MDT) कहते हैं। हो सकता है टीम के सदस्य एक साथ एक ही स्वास्थ्य सेवा या स्थान पर न हों।
- आपकी बहु-विषयक टीम आपके लिए सुझावित उपचार योजना की चर्चा करने के लिए मुलाकात करती है।
- आपकी बहु-विषयक टीम का एक सदस्य, आम-तौर पर आपका कोई डॉक्टर, आपके साथ आपके इलाज विकल्पों और सुझावों के बारे में बात करेगा, और आपकी निजी इलाज योजना का फैसला लेने में आपकी मदद करेगा।
- आपकी निजी इलाज योजना कोई लिखित रूप दिया जाता है और इसे आपको तथा आपकी बहु-विषयक टीम के सभी सदस्यों को बताया जाता है, इसमें आपका GP शामिल है।

आप क्या कर सकत/सकती ह।

- अपने विकल्पों के बारे में अपने डॉक्टरों से बात करें ताकि आपकी इलाज योजना में यह ध्यान दिया जा सके कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है।
- यदि आप अपनी इलाज योजना को नहीं समझते/समझती हैं, तो टीम से किसी सदस्य से इसे आपको बताने के लिए कहें।
- आपकी देखभाल का प्रबंध करने वाले स्वास्थ्य व्यवसायियों को बतायें कि आप कैसा महसूस कर रहे/रही हैं, और उन्हें आपको मिलने वाले उपचार को प्रभावित कर सकने वाली किन्हीं चिंताओं या प्राथमिकताओं के बारे में बताएँ।

बातचीत आरंभ करना

"मेरी बहु-विषयक टीम में कौन-कौन है?"

"मेरी टीम में कौन सा व्यक्ति इससे संबंधित समर्थन प्रदान कर सकता है कि मैं कैसे महसूस कर रहा/रही हूँ?"

"मुझे यह समझ नहीं आया कि आपने इस बारे में क्या कहा...क्या आप दोबारा समझा सकते/सकती हैं?"

"कौन सा डॉक्टर मेरे इलाज विकल्पों के बारे में मुझसे बात करेगा?

उपयोगी संसाधन

इलाज करने वाली टीम
Cancer Australia
लंग कैंसर MDT डॉयरेक्टरी
Lung Foundation Australia

देखभाल का समन्वयन, संचार और इसकी निरंतरता

आपके सभी स्वास्थ्य व्यवसायी आपकी देखभाल का समन्वय करने के लिए मिलकर काम करते हैं

इस सिद्धात का आपक लिए क्या अथ ह

- आपकी फेफड़े के कैंसर की एक योजना है जो आपके इलाज और आपकी देखभाल का सार प्रस्तुत करती है।
- आपको यह पता है कि यदि आपको सलाह या मदद की ज़रूरत है तो आपको किससे संपर्क करना चाहिए।
- आप और आपके प्रियजन इस बारे में सूचित महसूस करते हैं कि क्या हो रहा है और क्या उम्मीद करनी चाहिए।
- फेफड़े के कैंसर की आपकी टीम आपकी अपॉइंटमेंट्स और देखभाल का समन्वयन करने के लिए मिलकर काम करती है, भले ही टीम से सदस्य अलग-अलग सेवाओं व स्थानों में स्थित हों।

आप क्या कर सकत/सकती ह।

- यदि आपके कोई सवाल हैं या आपको अपॉइंट्समेंट्स में कोई सलाह चाहिए तो यह पूछें कि संपर्क किससे करना है।
- किसी ऐसे व्यक्ति को अपनी अपॉइंट्मेंट में साथ ले जाएँ जो बात सुन सकता हो, नोट्स ले सकता हो और आपको यह याद दिलाने में मदद कर सकता हो कि आपके टीम के सदस्या क्या कहते हैं।
- कोई भी सवाल पूछें - भले ही ये छोटे हों या आप इन्हें पहले पूछ चुके हों परन्तु आपको अधिक जानकारी की ज़रूरत हो।

बातचीत आरंभ करना

"मुझे इस बारे में सलाह...या सहायता के लिए किससे संपर्क करना चाहिए?"

"क्या मेरी अपॉइंटमेंट उसी दिन निर्धारित की जा सकती हैं?"

"क्या मेरी कोई अपॉइंटमेंट फोन पर हो सकती है?"

"बहुत मदद मिलेगी यदि मैं यह पता लगा सकूँ कि..."

उपयोगी संसाधन

ऐसे सवाल जो आप उपचार के बाद के समय के संबंध में पूछना चाह सकते/सकती हैं
Australian Cancer Survivorship Centre
सवाल पूछने से मदद मिल सकती है: प्रशामक देखभाल टीम से मुलाकात करने वाले लोगों के लिए एक साधन
Palliative Care Australia

फेफड़े के कैंसर की देखभाल में डाटा आधारित सुधार

प्रासंगिक डाटा और जानकारी का प्रयोग आपकी देखभाल को प्रदान करने में सुधार करने के लिए किया जाता है

इस सिद्धात का आपक लिए क्या अथ ह

- फेफड़े के कैंसर की आपकी टीम उनके द्वारा एकत्रित और अध्ययन की जाने वाली ऐसी जानकारी के बारे में आपसे बात कर सकती है जिनसे उन्हें उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली देखभाल को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।
- फेफड़े के कैंसर की आपकी टीम आपकी देखभाल के बारे में आपको फीडबैक देने के लिए कह सकती है।
- आपके द्वारा दी जाने वाली जानकारी (इसमें आपकी फीडबैक शामिल है) का प्रयोग कैंसर की देखभाल और आपकी तथा फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त अन्य लोगों की जीवन शैली को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है।

आप क्या कर सकत/सकती ह।

- अपनी टीम से पूछ सकते/सकती हैं कि वे कैसी जानकारी एकत्रित करते हैं, इसे कैसे एकत्रित करते हैं, और इसका आपके लिए क्या अर्थ है। कुछ जानकारी को उस अनुसंधान अध्ययन के भाग के तौर पर एकत्रित किया जा सकता है जिसमें आपने भाग लेने की सहमति दी थी।
- सेवाओं और अपनी देखभाल से जुड़े अपने अनुभव के बारे में फीडबैक दें। इससे टीम के सदस्यों को आपके इलाज और देखभाल के दौरान और इसके पश्चात मदद मिलती है।

बातचीत आरंभ करना

"हर बार अस्पताल आने पर मुझे जो चीज़ कठिन लग रही है वह है..."

"काश किसी ने मुझे बताया होता कि..."

"मेरे जैसे अन्य रोगियों के बारे में आपके पास क्या जानकारी है जिससे मुझे अपनी देखभाल के बारे में फैसले लेने में शायद मिल सकती है?"

उपयोगी संसाधन

उपभोक्ता शिक्षा: कैंसर सहयोगी परीक्षण समूहों में उपभोक्ता की सहभागिता
Cancer Australia

अनुसंधान कार्यक्रम में उपभोक्ता सहभागिता उपभोक्ता प्रतिनिधियों के लिए संदर्शिका
Cancer Voices Australia

सहायता और समर्थन का पता लगाना

Cancer Australia - Cancer Australia एक राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संस्था है, जिसे ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त-पोषित किया जाता है। Cancer Australia की वेबसाइट फेफड़े के कैंसर के बारे में प्रमाण-आधारित जानकारी प्रदान करती है और इसमें कैंसर से पीड़ित लोगों और
उनके परिवारों के लिए सहायता और समर्थन प्रदान करने वाली संस्थाओं के लिंक दिए गए हैं। और अधिक जानकारी के लिए, canceraustralia.gov.auदेखें

Cancer Council Australia - आपके राज्य या टेरेटरी में Cancer Council आपको कैंसर-संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में समर्थन और जानकारी प्रदान कर सकती है - 13 11 20पर सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे के बीच फोन करें।

Cancer Voices Australia - Cancer Voices Australia एक राष्ट्रीय उपभोक्ता पक्षसमर्थन संस्था है जो कैंसर से पीड़ित ऑस्ट्रेलियाई लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कैंसर से प्रभावित लोगों, उनके देखभालकर्ताओं और परिवारों की राय राष्ट्रीय स्तर पर सुनी जाती है।

Lung Foundation Australia - Lung Foundation Australia एक राष्ट्रीय चैरिटी है जो फेफड़े की समस्या से पीड़ित किसी व्यक्ति का समर्थन करने के लिए समर्पित है। इनका फेफड़े के कैंसर के रोगियों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए एक फेफड़े के कैंसर का संपर्क समूह है, और इनके यहाँ एक फेफड़े के कैंसर की सहायता नर्स है जो गोपनीय समर्थन और सूचना प्रदान कर सकती है - 1800 654 301 पर फोन करें - मंगलवार से गुरूवार।

एबोरिजनक तथा टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी लोग - Cancer Australia ने *My lung cancer pathway तैयार किया है एबोरिजनल तथा टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों और उनके परिवारों के लिए एक संदर्शिका, कैंसर से पीड़ित एबोरिजनक और टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए इष्टतम देखभाल मार्ग* और *कैंसर - क्या उम्मीद करें: कैंसर से पीड़ित एबोरिजनल और टोरस स्ट्रेट द्वीपवासी लोगों के लिए जानकारी।*

अन्य भाषाएँ - Cancer Australia अंग्रेज़ी के अलावा 10 भाषाओं में कैंसर के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

परिभाषाएँ

देखभाल योजना	आपकी जांच, उपचार और आपको मिलने वाली अन्य देखभाल का सार। आपकी देखभाल योजना आपकी निजी परिस्थिति पर आधारित है और इसमें फेफड़े के कैंसर के अतिरिक्त यदि आप किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित हैं तो उसपर भी ध्यान दिया जाएगा
क्लिनिकल परीक्षण	अलग-अलग प्रकार के इलाज या रोग-नैदानिक परीक्षणों की जांच करने के लिए रोगी की अनुमति के साथ किया गया अनुसंधान
फेफड़े के कैंसर का मार्ग	एक सार जो फेफड़े से ग्रस्त किसी व्यक्ति की देखभाल में सुझावित चरण दर्शाता है। इसमें जांच और इलाज के लिए सुझावित समयसीमाएँ शामिल हैं
फेफड़े के कैंसर की टीम	फेफड़े के कैंसर से ग्रस्त लोगों के रोग-निदान, इलाज और देखभाल में शामिल स्वास्थ्य व्यवसायियों की एक बहु-विषयक टीम। इसमें डॉक्टर, नर्सें और आपके GP के साथ-साथ अलाइड हेल्थ व्यवसायी शामिल हो सकतें हैं
उपचार योजना	किसी रोगी के लिए सुझावित फेफड़े के कैंसर के इलाज का सार।

अभिस्वीकृतियाँ

Cancer Australia *फेफड़े के कैंसर की रूपरेखा तैयार करने में योगदान देने वाले स्वास्थ्य व्यवसायियों, सलाहकारी समूह के सदस्यों और उपभोक्ताओं का धन्यवाद करना चाहती है: ऑस्ट्रेलिया में फेफड़े के कैंसर की देखभाल के सर्वश्रेष्ठ अभ्यास के लिए सिद्धांत तथा संसाधन।* इसमें Lung Cancer Advisory Group, Steering Group of the Lung Cancer Demonstration Project, Lung Cancer Demonstration Project Collaborations और Clinical Leadership Group of the Lung Cancer Demonstration Project शामिल हैं।

Cancer Australia इस जानकारी के प्रयोग या इसपर निर्भर होने के कारण लगी किसी चोट, हुए किसी नुकसान या क्षति के लिए जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। कैंसर ऑस्ट्रेलिया सर्वोत्तम उपलब्ध प्रमाण के आधार पर सामग्री विकसित करता है, हालाँकि यह जानकारी की सटीकता या पूर्णता की गारंटी नहीं दे सकता है और कोई कानूनी देयता या उत्तरदायित्व को नहीं मानता है।

© Cancer Australia 2019 LCBCH 11/18